# देखूं जिधर उधर ही मेरे श्याम का नजारा भजन लिरिक्स

देखूं जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,
खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा,
बोलो बोलो जय श्री श्याम,
बोलो बोलो जय खाटू धाम।bd।

---

इस दर पे जो भी आया,
अरदास है लगाया,
झोली फैला के अपनी,
दु:ख दर्द है सुनाया,
उसको मिला भरोसा,
हर लेता कष्ट सारा,
देखूँ जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,
खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा।bd।

---

किस्मत का लेख भाई,
क्या कोई जान लेगा,
है बुलंदी पे सितारा,
कब टूट कर गिरेगा,
गिरते को थामता है,
चमका दे फिर सितारा,
देखूँ जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,
खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा।bd।

---

विश्वास है ये दिल का,
वो साथी है हमारा,
हम प्रेमी सांवरे के,
सौभाग्य ये हमारा,
हर श्याम प्रेमी बोलो,
वो हारे का सहारा,
देखूँ जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा।bd।

जो मांगोगे मिलेगा,
अर्जी लगा के देखो,
एक बार सांवरे के,
दर पे तो आके देखो,
मिलता है डूबते को,
यहाँ तिनके का सहारा,
देखूँ जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,
खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा।bd।

देखूं जिधर उधर ही,
मेरे श्याम का नजारा,
खाटू का श्याम बाबा,
लगता है सबको प्यारा,
बोलो बोलो जय श्री श्याम,
बोलो बोलो जय खाटू धाम।bd।

**Singer – Sourabh Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com